




।।राम हमे प्रिय हो ।।

जय जय गिरिबरराज किसोरी । जय महेस मुख चंद चकोरी ।।
जय गजबदन षडानन माता । जगत जननि दामिनि दुति गाता ।।

मानस गौरी स्तुति । राम कथा 914 - नवसारी,गुजरात । मोरारी बापू

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 259 | इंदौर, गुरुवार 30 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



# रामनवमी जुलूस से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च

## आठ ड्रोन, 222 कैमरों से शोभायात्रा पर रखी जाएगी नजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

खरगोन। देश में गुरुवार यानि आज रामनवमी का पर्व मनाया जा रहा है। देश के कोने कोने में मनाए जाने वाले इतने बड़े उत्सव को आम आदमी शांति पूर्वक मना सके इसे लेकर पुलिस को बड़ी तैयारियां करनी पड़ती हैं। इसी के चलते हर बड़े त्योहार से पहले पुलिस अपराधियों की धरपकड़ तेज कर देती है, तो इसके साथ ही संवेदनशील जगहों पर गश्त भी बढ़ा देती है ।

मध्यप्रदेश के खरगोन में भी बुधवार दोपहर आगामी रामनवमी के त्यौहार के चलते पुलिस ने बख्तरबंद वाहनों के काफिले के साथ फ्लैग मार्च निकाला। तो वहीं, देर रात जिले के दोनों आला अफसरों ने आरएएफ के बल के साथ शहर का पैदल भ्रमण कर आमजन से मुलाकात कर उन्हें समझाइश दी। शहर की मुख्य सड़कों और कॉलोनियों से होकर निकाले गए इस फ़्लैग मार्च से पुलिस ने राम नवमी के त्यौहार को शांति और सद्भावनापूर्ण तरीके से मनाने के लिए की गई अपनी योजना से आम आदमी को रूबरू करवाया। गौरतलब है कि पिछले साल रामनवमी पर्व पर ही निकाले गए एक जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद गहरा गया था, जिसके बाद शहर में कर्फ्यू लगाया गया था।

### ● फ्लैग मार्च में ये वाहन हुए शामिल

खरगोन में बुधवार दोपहर एसपी धर्मवीर सिंह अपनी पूरी फोर्स के साथ बख्तरबंद गाड़ियों का काफिला लेकर फ्लैग मार्च के रूप में शहर में निकले। शहर के कोतवाली परिसर से निकाला गया यह मार्च, पोस्ट ऑफिस से होकर मोहन टॉकीज, तालाब चौक, गौशाला मार्ग, संजय नगर, होकर मढ़ी से तालाब चौक से तवड़ी से ओरंगपुरा, बीटीआई रोड, बावड़ी, गायत्री मंदिर, डीआरपी लाईन से जैतापुर, गायत्री मंदिर से वापस कोतवाली में आकर समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च में खरगोन कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा, खरगोन एसपी धर्मवीर सिंह के वाहनों के साथ साथ आरएएफ, एसटीएफ, एसएएफ की बख्तरबंद गाड़ियों के साथ ही पुलिस महकमे के सभी आला अधिकारियों के वाहन शामिल हुए।

### ● 8 ड्रोन, 222 कैमरे रखेंगे हर हरकत पर नजर

गुरुवार को खरगोन में रामनवमी पर्व पर निकाले जाने वाले जुलूस के लिए पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पूरी तैयारियां कर ली गई है। जिला प्रशासन द्वारा शहर के



हर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है। इसके अलावा पुलिस द्वारा जुलूस मार्ग पर 8 ड्रोन, 222 सीसीटीवी कैमरे, नगर में रेपिड एक्शन फोर्स के जवान, एसटीएफ, एसएएफ के जवान भी मौजूद रहेंगे। फ्लैग मार्च में आरएएफ के 8 बख्तरबंद वाहन, 4 वज्र और पुलिस अधिकारियों की गाड़ियां भी मौजूद रही।

### ● देर रात पैदल भ्रमण पर निकले अधिकारी

खरगोन शहर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए देर रात जिला कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा और पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, आरएएफ बल के साथ नगर के पैदल मार्च पर निकले। पैदल मार्च के दौरान कलेक्टर और एसपी लगातार नागरिकों से बात करते हुए उन्हें सोशल मीडिया की अफवाहों से बचने, सोशल मीडिया का उपयोग संभलकर करने की सीख भी देते रहे एवं संदिग्ध गतिविधि नजर आने पर पुलिस के कंट्रोल रूम और हेल्पलाइन नम्बर पर सूचना देने का आव्हान भी करते रहे। तो वहीं शहर के पार्षदों से चर्चा कर उन्हें भी अपनी जिम्मेदारी निभाने को लेकर बात करते दिखे।

### ● पिछले साल रामनवमी पर्व पर हो चुका है बड़ा दंगा

पिछले वर्ष रामनवमी पर्व पर ही निकाले गए एक जुलूस के दौरान शहर के तालाब चौक पर दो पक्षों के बीच दंगा हो गया था। जिसमें एक व्यक्ति की मौत के साथ ही लगभग 20 अन्य घायल भी हुए थे। घायलों में खरगोन एसपी भी शामिल थे। इसके साथ ही लगभग 30 मकानों और गाड़ियों में दंगाइयों ने आग लगाई गई थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 175 लोगों को हिरासत में लिया था और 16 घरों के साथ ही 32 दुकानों पर प्रशासन ने बुलोडजर चलवाया था।

# चिकित्सक सेवाभाव को प्राथमिकता दें : राज्यपाल मंगूभाई पटेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सेवांकुर भारत संस्था का 'एक सप्ताह देश के नाम' यह उपक्रम गत सात साल से देश के विभिन्न क्षेत्रों में संपन्न हुआ है।**

इस साल यह उपक्रम झाबुआ, मध्यप्रदेश के शिवगंगा प्रतिष्ठान के परिसर में 23 मार्च से लेकर 29 मार्च तक संपन्न हुआ। इस उपक्रम के अंतर्गत देशभर से वैद्यकीय विद्यार्थी और चिकित्सक सात दिन वनवासी क्षेत्र का अनुभव लेते हैं और अपनी सेवाएं प्रदान करते हैं। इस अनूठे उपक्रम का सांगता समारोह मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के द्वारा इंदौर स्थित रवींद्र नाट्यगृह में 29 मार्च को संपन्न हुआ। इस



कार्यक्रम में मुख्य अतिथी के रूप में डॉ जयंतीभाई भाडेसिया (पश्चिम क्षेत्र संघचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), अशोक सोहनी (मध्य क्षेत्र संघचालक, रा. स्व. संघ) और अशोक खंडेलवाल मौजूद थे। मंच पर 'एक सप्ताह देश के नाम' इस उपक्रम के प्रमुख डॉ राजेश पवार, सहप्रमुख डॉ आरती रोजेकर और डॉ किरण अल्हाट उपस्थित थे।

राज्यपाल मंगूभाई ने कहा इस उपक्रम के माध्यम से सेवा का ये बीज हर चिकित्सक में जाना चाहिए। उन्होंने सिकल सेल बीमारी के आंकड़ों से अवगत कराते हुए कहा कि सभी को इसमें जुड़कर इस बीमारी को नष्ट करना चाहिए। सभी को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने सबका अभिनंदन किया। सेवांकुर भारत संस्था से वैद्यकीय क्षेत्र में एक अनूठी पहल शुरू हुई है, जिससे समाज को अपेक्षाएं हैं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं परिचय से हुई। सेवांकुर भारत इस संस्था का प्रास्ताविक डॉ नितीन गादेवाड (संयोजक, सेवांकुर भारत) ने किया। सन् 1989 में संघप्रेरित युवा तज्ञ चिकित्सकों ने समाज में कम दामों में अत्याधुनिक और समाजाभिमुख सेवा देने के लिए शुरू किया था। संभाजीनगर स्थित डॉ हेडगेवार रुग्णालय सेवांकुर भारत की मातृसंस्था है। इस उपक्रम के माध्यम से वनवासी क्षेत्र में अपने देश के बंधुओं के बीच रहकर वैद्यकीय छात्रों में सामाजिक संवेदनशीलता का संस्कार देने की कोशिश सेवांकुर यह संस्था करती है।

संवेदनशील एवं समाजाभिमुख वैद्यक चिकित्सक देश के हित में तैयार करना, ऐसा सेवांकुर का उद्देश्य है। इसके पश्चात चयनित विद्यार्थीयों ने अपना अनुभवकथन किया। पार्थ चतुर्वेदी, शिवानी चव्हाण, चिन्मय पाटील, डॉ श्रीनिवास गुंडु, कस्तुरी ब्रह्मे इन विद्यार्थी और चिकित्सकों ने अपना अनुभव साझा किया। हर्षिता निगवाल यह एम जी एम मेडिकल कॉलेज, इंदौर में पढ़ने वाली छात्रा ने विशेष रूप से इस कार्यक्रम के बारे में अनुभव कहे, जिसको सुनने इंदौर के बहुत सारे वैद्यकीय विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ राजेश पवार ने किया और राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ।

## अवैध 1600 लीटर बायोडीजल सहित वाहन किया जब्त

**इंदौर।** इंदौर जिले में खाद्य सामग्री तथा पेट्रोल-डीजल, बायोडीजल आदि का अवैध कारोबार तथा संग्रहण करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी सिलसिले में क्राइम ब्रांच को प्राप्त सूचना के आधार पर अपर कलेक्टर डॉ. अभय बेडेकर के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम एल मारू द्वारा दल भेजकर एसआर कंपाउंड लसूड़िया मोरी पर स्थित मे. इंडियन बायोडीजल एन्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड फर्म की जांच की गई। मौके पर खाद्य अधिकारियों एवं क्राइम ब्रांच को एक छोटे टैंकर वाहन में लगभग 1600 लीटर बायोडीजल संग्रहित पाया गया, जिसके माध्यम से मौका स्थल पर ही वाहनों के ईंधन टैंक में बायोडीजल अवैधानिक रूप से डाला जा रहा था। दल को बायोडीजल क्रय-विक्रय के संबंध में शासन के दिशा-निर्देश के पालन में गंभीर अनिमियता करने एवं मौके पर घनत्व की जांच में प्रथम दृष्टया B100 विहित मानकों के अनुरूप नही पाए जाने पर मिश्रित बायोडीजल के नमूने लिये गए।

## एक अप्रैल से प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन, 779 कॉलोनियों में बढ़ाई, बाकी शहर में पुरानी दरें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में नई प्रॉपर्टी गाइडलाइन 1 अप्रैल से लागू हो रही है। जिले के ज्यादातर क्षेत्रों में गाइडलाईन में इजाफा नहीं हुआ। सिर्फ 667 क्षेत्रों में ही गाइडलाइन में बढ़ोतरी होगी। जिले में 4.42 प्रतिशत की औसत वृद्धि गाइडलाइन में की गई है। बाकी 4212 लोकेशन पर पुरानी दरें ही लागू होगी। उपमहानिरीक्षक पंजीयक बालकृष्ण मोरे ने बताया कि बढोतरी में वे इलाके रखे गए है, जहां गाइडलाइन से तीन-चार गुना में पंजीयन हुए है।**

इंदौर में कुल 4988 लोकेशन हैं। इनमें 700 से ज्यादा लोकेशनों पर गाइडलाइन से ज्यादा पर रजिस्ट्री होने पर पंजीयन विभाग ने वहां गाइडलाइन बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया। जिसे केंद्रीय मूल्यांकन समिति ने मंजूरी दी है। प्रस्तावित गाइडलाइन में पांच से लेकर 25 प्रतिशत तक गाइडलाइन में इजाफा होगा,जबकि शहर की पुराने इलाके, अवैध कालोनियों, बस्तियों की गाइडलाइन में बदलाव नहीं किया जा रहा है।

### इन कॉलोनियों में बढ़ी गाइडलाइन

शहर की वृंदावन ग्रीन रंगवासा, पाकिजा सिटी बिहाडिया, सरदार पटेल नगर तिल्लौर खुर्द, सुले टाउन रंगवासा, ईश्वरी ग्रीन्स हुकमाखेड़ी, ओमेक्स ग्रीन होम्स, मायाखेड़ी, माउंट पार्क निपानिया, सहित मायाखेड़ी, बडिया कीमा, कबीटखेड़ी,जाख्या, रेवती, पालिया हैदर, पुआर्डा-जुर्नादा, बरदरी, मांगलिया, बिजूखेड़ी के नई कॉलोनियां कलेक्टर गाइडलाइन में शामिल है। बढोतरी भी इन इलाकों में ही गई है। इन कॉलोनियों में 6 हजार रुपये वर्गमीटर से लेकर 15 हजार रुपये वर्गमीटर के भाव में सौदे हुए है, लेकिन अभी तक कॉलोनियों के बजाए इलाकों के हिसाब से बनी गाइडलाइन से पंजीयन होते थे। शहरी सीमा से सटी नई 170 कॉलोनियां भी गाइडलाइन में शामिल की गई है। रियल एस्टेट के जानकारी अरविंद गुप्ता के अनुसार सुपर कॉरिडोर, खंडवा रोड और गोम्मटगिरी की तरफ नई कॉलोनियां तीन से चार सालों में तेजी से बसी है

## राम नवमी के शुभ अवसर पर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता की मिली बड़ी सौगात

**इंदौर।** इंदौर जिले के ग्राम मांगलिया सड़क क्षेत्र में पीर कराडिया के निकट शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए ग्रामीणों को बड़ी सौगात मिली है। जल संसाधन मंत्री तथा क्षेत्रीय विधायक श्री तुलसीराम सिलावट के विशेष प्रयासों से इस क्षेत्र में 10 करोड़ 40 लाख रुपए की नल जल योजना स्वीकृत की गयी है। ग्राम के अधिकांश नलकूप और कूप दूषित होने की शिकायतें लगातार मिलती थी। ग्रामीणों को अब भू-जल दूषित होने से मुक्ति मिलेगी, उन्हें शुद्ध पेयजल की उपलब्धता रहेगी। जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि ग्राम मांगलिया सड़क के लिए क्षिप्रा नदी स्त्रोत आधारित पेयजल योजना में ग्राम पीर कराडिया के निकट 10 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से पेयजल योजना तैयार की गयी है।

## मध्यप्रदेश सीनियर फास्ट 5 नेटबॉल टीम की घोषणा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय नेटबॉल संघ के तत्वाधान में हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के द्वारा प्रथम सिनियर फास्ट 5 नेटबॉल पुरुष एवं महिला स्पर्धा का आयोजन 30 मार्च से 02 अप्रैल तक सिसाना (हरियाणा) में किया जा रहा है।**

इस आयोजन में मध्यप्रदेश की नेटबॉल फास्ट 5 टीम प्रतिनिधित्व करेगी इस टीम की घोषणा नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के अध्यक्ष मयंक द्विवेदी ने की एवं उक्त जानकारी कोषाध्यक्ष विजय कात्रे ने दी। इन सभी खिलाड़ियों एवं कोच को सर्वश्री गोविन्द सिंह बघेल,राजेश मंहत, राजेश





सोनी, माखन मंडले, दिनेश पटेल, धनश्याम करोले, विश्वामित्र तिवारी ने बधाई दी।

मध्यप्रदेश टीम की सुची निम्नानुसार है- **पुरुष वर्ग :** पुलकित मणि कप्तान, उज्वल दुगरिया, लक्ष्मण दातीर, लखन धीमान, शुभम मांझी, निखिल चौहान,धीरज चौधरी, अजय, आशीष जावला, कोच : धवल, मैनेजर-जितेन्द्र मैराल।

**महिला वर्ग :** विनीता पटेल कप्तान, जाह्नवी कलमकार, माला मालवीय, श्वेता दोदिया, रांची सिंह, साक्षी सरबैया, प्राची राठौर, कुमकुम चोयल, तनीषा पगारे, सोनाली सेन, कोच : रीना बघेल, मैनेजर : जितेन्द्र मैराल।

## काम की थकान दूर करने के लिए खेल गतिविधि बहुत उपयोगी : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** न्यायिक कर्मचारी संघ, इंदौर के अध्यक्ष केदार रावल व सचिव राजेश ठाकुर ने बताया कि जिला न्यायालय इंदौर में कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से लगाई गई टेबल टेनिस की टेबल का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इंदौर सुबोध कुमार जैन ने कहा कि काम की थकान को दूर करने के लिए खेल गतिविधि बहुत उपयोगी होती है और इसी उद्देश्य की पूर्ती के लिए न्यायाधीशों एवं कर्मचारियों के लिए जिला न्यायालय प्रांगण में टेबल टेनिस की टेबल लगवाई गई है।




उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय स्टेट बैंक के उपमहाप्रबंधक सतीशचंद्र गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए कहा कि रचनात्मकता के लिए प्रत्येक कार्यालय में खेल गतिविधि संचालित की जानी चाहिए और इसीलिए न्यायिक कर्मचारी संघ के निवेदन पर स्टेट बैंक की ओर से न्यायाधीशों एवं कर्मचारियों हेतु टेबल टेनिस की टेबल प्रदाय की गई है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी, गंगाचरण दुबे एवं भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद मिश्रा भी उपस्थित थे। प्रोडक्ट मेनेजर मधुर छाबड़ा ने एसबीआई लाईफ की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी एवं बताया कि एसबीआई लाईफ के पास कर्मचारियों एवं न्यायाधीशों के लिए सामुहिक बीमे की बहुत अच्छी योजनाएं हैं, जिनका लाभ सभीको लेना चाहिए। इस अवसर पर सभी न्यायाधीशगण, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक साकेत नीमा, सहायक प्रबंधक सतीश पोंडुर, जिला न्यायालय ब्रांच के प्रबंधक डी. आर. वर्मा, उपप्रबंधक हेमंत कोटिया, संघ के उपप्रांताध्यक्ष रमेश भेनिया, कोषाध्यक्ष विष्णु जोशी, प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र जोशी सहित अनेक न्यायिक कर्मचारी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। स्वागत भाषण अध्यक्ष केदार रावल ने दिया। संचालन अंजनी कुमार बाजपेयी ने किया। आभार विशेष न्यायाधीश गंगाचरण दुबे ने माना ।

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर होगा समारोह- तैयारियां प्रारंभ

**इंदौर।** इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर महू में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मध्यप्रदेश सहित महाराष्ट्र और अन्य प्रदेशों के अनुयायी बड़ी संख्या में 13 और 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर नगर महू पहुंचेंगे। इनके ठहरने, पेयजल, भोजन आदि के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। उक्त कार्यक्रम के आयोजन के लिए तैयारियां प्रारंभ हो गयी है। अपर कलेक्टर डॉ. अभय बेड़ेकर ने बताया कि कार्यक्रम में आने वाले अनुयायियों को भोजन के रूप में सब्जी, पूरी, मीठी बुंदी नुक्ती, लोंजी, दाल-चावल की खिचड़ी आदि परोसे जाएंगे। इसके लिए निविदा बंद लिफाफे में आंमत्रित की गयी है। इच्छुक व्यक्ति/संस्था अपनी दरें प्रति प्लेट/प्रति व्यक्ति के मान से सभी करों सहित कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा में 6 अप्रैल की दोपहर की 3 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा उसी दिन दोपहर 4 बजे खोजी जाएगी।

# पालीवाल साकरोदा समाज सेवा समिति का गणगौर का बड़े ही धूमधाम से निकला बाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंगलवार को मुसाखेड़ी चौराहा के पास पुराने टेंपो स्टैंड से भव्य गणगौर बाना निकाला गया। इस अवसर पर पालीवाल साकरोदा समाज की सैकड़ों महिलाएं शामिल हुई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पालीवाल साकरोदा समाज महिला मंडल  द्वारा गणगौर उत्सव पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। महिलाओं ने इसकी पूरी तैयारी कर टेंपो स्टैंड हनुमान मंदिर पहुंची और यहां मंगल गीत गाकर गणगौर सर पर विराजित किए,, और धूमधाम से बाना रवाना हुआ। गणगौर बाना रवाना हुआ जिसका समापन मुसाखेड़ी स्थित समाज की धर्मशाला पर प्रसाद वितरण के साथ हुआ।







# अडानी की शेल कंपनियों 20 हजार करोड़ किसके हैं, पीएम जवाब दें : पृथ्वीराज चव्हाण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने बुधवार को पीसीसी मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। चव्हाण ने बोले कि प्रधानमंत्री जवाब दें कि गौतम अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपए किसके हैं।

चव्हाण ने कहा कि अपने 'परम मित्र' अडानी को बचाने के लिए पीएम मोदी लोकतंत्र का गला घोंट रहें हैं। राहुल गांधी को निशाना बनाया गया है क्योंकि उन्होंने मोदी जी से अड़ानी के बारे में पूछा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने के लिए



सब कुछ करेगी। चव्हाण ने कहा कि 7 फरवरी, 2023 को राहुल गांधी ने संसद में अपने भाषण में अडानी महा घोटाले पर 2 सीधे सवाल पूछे। पहला अडानी की शेल कंपनियों में 20 हजार करोड़ रुपए किसके है? दूसरा अडानी और मोदी का रिश्ता क्या है। इसके 9 दिन बाद ही राहुल गांधी के खिलाफ मानमानी का मुकदमा फिर से शुरू कर दिया गया। चव्हाण ने कहा कि राहुल गांधी के तीन-तीन अनुरोध के बावजूद उनको संसद में बोलने नहीं दिया गया। ताकि प्रधानमंत्री और अडानी के रिश्तों का पर्दाफाश ना हो। चाव्हाण ने आरोप लगाया कि इसके बाद भाजपा ने पूरे मुद्दे से ध्यान भटाने के लिए तीन हास्यापद आरोप लगाए। पहला दावा किया क राहुल गांधी ने लंदन में विदेशी ताकतों को भारत की मदद करने को कहा। यह सफेद झूठ है। दूसरा ओबीसी को निशाना बनाया, क्योंकि प्रधानमंत्री से प्रश्न किया। जो सभी को जोड़ने भारत जोड़ने चार हजार किमी पैदल चला, वह कैसे एक समुदाय को निशाना बना सकता है। तीसरा निचली अदालत के सजा सुनाने के 24 घंटे के अंदर उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। जबकि कोर्ट ने उन्हें 30 दिन का समय दिया था। भाजपा राहुल गांधी से इतना डरती क्यों है?

### सीएम शिवराज पर किया पलटवार

चव्हाण ने सीएम शिवराज के आरोपों पर कहा कि उन्होंने राहुल गांधी की पढ़ाई की जानकारी नहीं है। किसी पर आरोपी लगाएंगे तो उसकी कोई ना कोई जाति तो होगी। इस तरह की बात करने से मुद्दा नहीं भटकने वाला है। यह ओबीसी के अपमान का मुद्दा हो ही नहीं सकता। कांग्रेस के तीन में से दो मुख्यमंत्री ओबीसी समाज से हैं। भारत जोड़ो यात्रा में हमारा संदेश साफ था देश जोड़ना।

# नरवर के टंकारिया में डबल मर्डर

## पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी और बेटी को उतारा मौत के घाट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। उज्जैन के नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम टंकारिया में एक व्यक्ति ने आज (बुधवार) सुबह अपनी पत्नी व नाबालिग पुत्री पर चाकू से हमलाकर दिया, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने खुद को भी चाकू मारकर घायल कर लिया। जिसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए एडिशनल एसपी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि ग्राम टंकारिया निवासी ओंकारलाल नरवरिया ने मंगलवार की रात को पत्नी ताराबाई (उम्र 45 वर्ष) के साथ विवाद किया था, जो कि देखते ही देखते इतना बढ़ा की ओंकारलाल ने ताराबाई पर चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान जब उनकी पुत्री रवीना, ताराबाई को बचाने आई तो ओंकारलाल ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। ओंकारलाल द्वारा किए गए चाकू के वार से ताराबाई और रवीना की मौत होने पर ओंकार ने खुद को भी चाकू मार लिए। सुबह घटना की जानकारी लगने पर मृतकों को पीएम हेतु अस्पताल लाने के साथ ही घायल ओंकार को भी जिला चिकित्सालय लाया गया था। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे इंदौर रेफर कर दिया गया है। एडिशनल एसपी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि इस मामले में अभी जांच जारी है। जिसके बाद ही हत्याकांड के कारणों की जानकारी लग पाएगी। मृतका ताराबाई के भाई सुरेशचंद्र ने आरोप लगाया कि उसकी बहन और भांजी को जमीन के लिए मौत के घाट उतारा गया है।



### खुशखबरी! नामीबिया से आई मादा चीता सियाया ने

# चार शावकों को दिया जन्म, चीतों का कुनबा बढ़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर**। मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से देश के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी सामने आई है। नामीबिया से आई मादा चीता सियाया ने चार शावकों को जन्म दिया है। जानकारी के अनुसार मादा चीता और चारों नन्हे मेहमान फिलहाल बिल्कुल स्वस्थ हैं। एक विशेष टीम नए मेहमानों और मादा चीता का खास ख्याल रख रही है। चीता संरक्षण परियोजना में शामिल अधिकारियों ने नये मेहमानों के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि शावकों का जन्म एक सकारात्मक संकेत है कि कूनो नेशनल पार्क में चीते अपने नए वातावरण में अच्छी तरह से ढल रहे हैं। पार्क को भारत की वन्यजीव आबादी में चीतों के पुनः प्रवेश के लिए एक उपयुक्त आवास के रूप में तैयार किया जा रहा है। बता दें, पीएम मोदी ने अपने 72वें जन्मदिवस के



मौके पर एमपी के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को छोड़ा था, जिनमें पांच नर और तीन मादा चीता शामिल थी। हाल ही में एक मादा चीता साशा की इन्फेंक्शन के चलते मौत हो गई थी।

### केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने दी बधाई

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि नामीबिया से भारत लाए गए चीतों में से एक मादा चीता ने चार शावकों को जन्म दिया है। उन्होंने इसे 'अमृत काल' के दौरान भारत के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना बताया। ट्वीट कर लिखा कि "मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 17 सितंबर 2022 को भारत लाए गए एक चीते के चार शावकों का जन्म हुआ है।" मंत्री ने प्रोजेक्ट चीता की पूरी टीम को चीतों को भारत वापस लाने के उनके अथक प्रयासों और अतीत में किए गए एक पारिस्थितिक गलतियों को सुधारने के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी।

## विधायक के भतीजे की हत्या, झाड़ियों में फेंका शव

**खरगोन**। भगवानपुरा से निर्दलीय विधायक केदार डावर के नाबालिग भतीजे की हत्या कर दी गई। उसका शव मंगलवार रात झाड़ियों में मिला। वह 23 मार्च को शाम 4 बजे मां से बात कर घर से बुलेट लेकर निकला था। इसके बाद से ही वह बाइक समेत लापता था। पुलिस ने संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा। शहर कोतवाली पुलिस के अनुसार बिस्टान रोड इलाके में बीती रात एक युवक का शव झाड़ियों में पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। डाबरिया फाल्या में झाड़ियों के बीच से शव को बाहर निकला गया। उसकी पहचान अभिनव उर्फ बिट्टू डावर (17) के रूप में हुई। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में युवक के शव का पोस्टमार्टम हुआ। इस दौरान खुद विधायक डावर भी मौजूद रहे। डावर ने कहा कि खरगोन जैसे शांत जिले में इस तरह की घटनाएं आम लोगों के मन में भय पैदा करती है। इस घटना की सही जांच होनी चाहिए।



# सीएम शिवराज ने फौजी मेले का शुभारंभ किया, सेना के हथियार जनता पास से देख सकेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को भोपाल के एमवीएम ग्राउंड में फौजी मेले का शुभारंभ किया। मेले का उद्देश्य भरतीय सेना से परिचित करना और अपनेपन और एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करना है। दो अप्रैल को मेले का समापन होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम यहां इसलिए सुरक्षित हैं, क्योंकि हमारे वीर जवान मई और जून की तपती दोपहर में 48-50 डिग्री तापमान में भी सीमाओं की सुरक्षा करते हैं। चाहे 50 डिग्री हो या कारगिल में -40 डिग्री हो, हमारे जवान सीमाओं की रक्षा बिना रुके करते हैं। मैं एक बार फिर अपनी सेना को प्रणाम करता हूं, सेना के अधिकारियों को प्रणाम करता हूं और



इस बात के लिए धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने अपनी कॉन्फ्रेंस के लिए भोपाल को चुना है। आपका स्वागत है। कल रक्षामंत्री आएंगे और 1 अप्रैल को प्रधानमंत्री जी आएंगे।

### सेना के हथियार की प्रदर्शनी

फौजी मेले में सेना के जवानों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की जानकारी जनता को दी जाएगी। मेले में थल सेना, वायु सेना, नौ सेना के वाहन, लड़ाई में इस्तेमाल होने वाले हथियार तोप, टैंक, मिसाइल लांचर, बोफोर्स, पनडुब्बी समेत कुछ हथियारों की प्रदर्शनी में देख सकेंगे। मेले के पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोग और स्कूली बच्चे एमवीएम ग्राउंड पहुंचे।

### 1 अप्रैल को प्रधानमंत्री आएंगे भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अप्रैल को कमांडर कॉफ्रेंस में शामिल होने भोपाल आएंगे। इससे पहले 31 मार्च को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आएंगे। वहीं, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ समेत तीनों सेना के प्रमुख शामिल होंगे। इस कॉफ्रेंस में तीनों सेना के प्रमुखों से रणनीतिक मामलों पर चर्चा होगी। वहीं, प्रधानमंत्री वंदे भारत ट्रेन को रानीकमलापति रेलवे स्टेशन से हरी झंडी भी दिखाएंगे।

### तीन दिन तक सेना के बैंड गूजेंगे

मेले के दौरान तीनों सेना के बैंड भी अलग-अलग जगह प्रस्तुति देंगे। शौर्य स्मारक में तीन दिन शाम 6.30 बजे से 7 बजे तक तीनों सेनाओं के बैंड की प्रस्तुति होगी। एक दिन डीबी सीटी में आर्मी बैंड की प्रस्तुति होगी। शौर्य स्मारक पर भी सैन्य कमांडर आएंगे।

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

'आप सच्चे हो'....... ये बोल देने में हम भार मुक्त हो जाते हैं ....
'भाई माफ करना'... ये बोलो तो बात पूरी ....उसी समय सामने वाले की पूरी 'असत्यनारायण' की कथा पूरी हो जाती है....
अथवा तो स्वीकार कर लो बस.... क्या बिगड़ जाएगा हमारा ?....
हमारा सत्य सत्य है तो वो सत्य ही रहेगा ....
प्रेम होगा तो प्रेम ही रहेगा....
और हमारी करुणा होगी तो शाश्वत ही रहेगी....

( रामकथा मानस गौरी स्तुति )

## संपादकीय

# कड़े मुकाबले के संकेत

पूर्वोत्तर में भाजपा गठबंधन की सियासी बोहनी के साथ ही 2023 के चुनावी मेले की शुरुआत हो गई है। अब अप्रैल-मई में कर्नाटक और उसके बाद साल के आखिर में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना के चुनावी मेले में भाजपा के रणकौशल और कांग्रेस समेत विपक्ष की चुनौती की कठिन परीक्षा होनी है। भाजपा और उसके समर्थक दलों को भरोसा है अपने नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पर, उनकी भाषण कला पर जो अपने ऊपर होने वाले हमलों को भी अपना हथियार बना लेती है, अपने कार्यकर्ताओं की लंबी फौज पर, गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति पर, अध्यक्ष जेपी नड्डा की कड़ी मेहनत पर, मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके सभी अनुषांगिक संगठनों के विस्तृत प्रचार तंत्र पर, मोदी सरकार के कामकाज, उपलब्धियों और अस्सी करोड़ से ज्यादा लोगों को मिलने वाले मुफ्त राशन पर तमाम सरकारी योजनाओं के लाभार्थी वर्ग की वफादारी पर और इन सबसे बढ़ कर हिंदुत्व के जरिए देश की बहुसंख्यक आबादी के ध्रुवीकरण पर।कर्नाटक विधानसभा चुनावों की तारीखों का एलान हो गया है। विपक्ष खासकर कांग्रेस भाजपा के मुकाबले 2023 के विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में कितनी और कहां टिकेगी इसकी तस्वीर काफी हद तक कर्नाटक विधानसभा चुनावों के नतीजों से साफ हो जाएगी। अगर कर्नाटक में जहां राज्य की भाजपा सरकार जबर्दस्त सत्ता विरोधी लहर से जूझ रही है, वहां कांग्रेस सरकार बना लेती है, तो इसके बाद होने वाले मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ के चुनावों में कांग्रेस भाजपा को कड़ी चुनौती दे पाएगी और अगर मोदी करिश्मे से भाजपा राज्य की सत्ता में वापसी करती है तो न सिर्फ भाजपा के मुकाबले कांग्रेस कमजोर साबित होगी, बल्कि विपक्ष की राजनीति में भी उसके दबदबे पर विपरीत असर पड़ेगा। कर्नाटक में मुकाबला भाजपा के मोदी करिश्मे और कांग्रेस के खरगे दांव के बीच होगा। दक्षिण के इस राज्य की जमीन पर ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से कितनी फायदेमंद हुई इसकी परीक्षा भी होगी।इस साल हुए पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के चुनावी नतीजों, हिंडनबर्ग रिपोर्ट और अदाणी प्रकरण पर विपक्ष के सरकार और सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमले, राहुल गांधी के संसद और लंदन में दिए गए भाषणों के बाद गरमाई राजनीति से संसद के बजट सत्र न चलना और सूरत की अदालत से मानहानि के मुकदमे में दो साल की सजा के बाद राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता खत्म होने के बाद इस मुद्दे पर सभी विपक्षी दलों के एकजुट होने से यह साफ हो गया है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा गठबंधन और संयुक्त विपक्ष के बीच कड़े मुकाबले के संकेत हैं। अगला लोकसभा चुनाव मोदी बनाम राहुल हो या न हो, लेकिन किसी न किसी रूप में राहुल गांधी सरकार विरोधी राजनीति का केंद्र बने रहेंगे।

### श्री रामनवमी विशेष

# भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी...

## भगवान राम सिखाते हैं कैसे निभाएं हर संबंध



आज रामनवमी है। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस तिथि पर भगवान राम ने भगवान विष्णु के सातवें अवतार रूप में अवतार लिया था। चैत्र नवमी की तिथि नवरात्रि की आखिरी तिथि होती है। चैत्र नवरात्रि पर जहां लगातार नौ दिनों तक देवी दुर्गा की पूजा-उपासना की जाती है वहीं नवरात्रि के आखिरी दिन यानी नवमी तिथि पर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। नवरात्रि में जहां लगातार शक्ति की उपासना की जाती है वहीं आखिरी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के जीवन से सीख लेते हुए उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है। नवरात्रि और रामनवमी का त्योहार हमें कई तरह की सीख देते हैं। क्योंकि शक्ति सपन्न के साथ जीवन में मर्यादा का पालन करना भी बहुत जरूरी होता है। अगर ऊर्जा, शक्ति और शौर्य को संयम और नियमानुसार संतुलन न बैठाया जाय तो इसका परिणाम घातक हो सकता है। भगवान राम का समूचा जीवन मर्यादा में रहते हुए हर तरह के असंभव से असंभव कार्य को बड़ी ही आसानी के साथ किया जा सकता है।

### ● पुत्र के रूप में भगवान राम का जीवन और संदेश

भगवान राम ने पुत्र के रूप में एक आदर्श जीवन बिताया। भगवान राम का जीवन एक आदर्श पुत्र रूप में जान जाता है। भगवान राम ने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए फौरन ही राजपाठ को त्याग कर वनवास जाने को तैयार हो गए थे। भगवान राम में वनवास का कारण बनी अपनी मां कैकेयी को सबसे पहला स्थान दिया। भगवान राम के इस आदर्श से हमें ये सीख मिलती है कि माता-पिता की आज्ञा का पालन, उनका सम्मान और उन्हे प्रेम जरूर करना चाहिए।

### ● पति के रूप में भगवान राम का जीवन और संदेश

भगवान राम के जीवन से वैवाहिक जीवन की अच्छी सीख मिलती है। जब भगवान राम और सीता का विवाह हुआ तब भगवान राम ने मां सीता को वचन दिया कि सीता के अलावा उनके जीवन में और कोई भी स्त्री नहीं आएगी। भगवान राम का यह वचन वैवाहिक जीवन की सबसे मजबूत नींव मानी जाती है। इससे हमें यह सीख मिलती है जीवनसाथी के बीच में एक-दूसरे प्रति सम्मान और पवित्रता हमेशा ध्यान रखना चाहिए।

### ● भाई के रूप में भगवान राम का जीवन और संदेश

भगवान श्रीराम अपने सभी भाईयों से बहुत ज्यादा प्रेम करते थे। वे अपने भाईयों के लिए पिता जैसे थे। भगराम ने जहां लक्ष्मण को हमेशा अपने साथ रखा तो वहीं भरत को उन्होंने मन में खास जगह दी। वहीं जब लंका जाते समय उन्हें हनुमान जी मिले तो उन्हे भाई माना। भगवान राम ने अपने भाईयों में एक दूसरे से कभी अंतर




नहीं समझा।

### ● मित्र के रूप में भगवान राम का जीवन और संदेश

भगवान राम की मित्रता का सबसे बड़ा उदाहरण सुग्रीव और विभीषण से समझा जा सकता है। भगवान राम ने अपने मित्रों के दुख को अपना दुख माना। भगवान राम ने सुग्रीव और विभीषण से मित्रता तब की थी जब दोनों को अपने राज्य से उनके भाईयों ने निकाल दिया था। लंका और किष्किंधा पर विजय प्राप्ति के बाद दोनों को उनका राज्य सौंपा और मित्र का कर्तव्य को निभाया।

### ● शत्रु के साथ व्यवहार के रूप में भगवान राम का जीवन और संदेश

भगवान राम ने अपने शत्रुओं से शत्रुता के दौरान भी आदर्श का पालन किया। भगवान राम ने बालि और रावण को मार कर कभी भी उनका अपमान नहीं किया। दोनों की मृत्यु के बाद उनके परिवार की जिम्मेदारी सुग्रीव और विभीषण को ही सौंपी। जब रावण की मृत्यु हो रही थी तब भगवान राम ने अपने भाई लक्ष्मण को रावण के नजदीक जाकर उनसे राजनीति की शिक्षा लेने के लिए भेजा। भगवान राम ने हमेशा अपने शत्रुओं की अच्छाइओं का सम्मान करने की शिक्षा दी।

### ● गुरु के रूप में भगवान राम का जीवन और संदेश

भगवान राम ने अपने जीवन में कुलगुरु वशिष्ठ और महार्षि विश्वामित्र दो गुरुओं से शिक्षा ग्रहण की थी। राजा की संतान होने के साथ उन्होंने गुरुओं के आश्रमों में शिक्षा ग्रहण की थी। गुरु के मार्गदर्शन में ही उन्होंने अपना जीवन बिताया।

### ● पिता के रूप में भगवान राम का जीवन और संदेश

भगवान राम जैसे पुत्र थे वैसे ही पिता भी थे। जैसा आदर उन्होने अपने पिता दशरथ को दिया वैसा ही लक-कुश से पाया।

### ● राजा के रूप में भगवान राम का जीवन और संदेश

आपने अक्सर रामराज्य की परिकल्पना को सुना होगा। ऐसी मान्यता है कि राम से बेहतर राजा आज तक कोई नहीं हुआ है। राजा राम अपनी जनता की सुख-सुविधा के लिए हमेशा प्रयास करते थे।

## Highlights

1. Rahul Gandhi helped me when I thought about ending my life: Divya Spandana
2. Chile detects its 1st case of bird flu in a human
3. McKinsey to layoff 1,400 employees starting this week: Report
4. Mobile PLI scheme's investment hits ₹5,124 cr till Dec: MoS IT
5. Electronic Arts to fire 6% of its workforce, reduce office space
6. Maha CM pays tribute to Pune BJP MP Girish Bapat after his demise
7. Alibaba to decide on control over 6 new units after IPOs: CFO
8. Delhi launches drive to seize, send overage vehicles for scrapping

# NCLAT upholds 1,338 cr fine on Google for 'exploiting its dominant position in Android'

**NEW DElHI, (Agency).** An appellate tribunal on Wednesday handed out a mixed verdict on Google's alleged anti-competitive practices in the android mobile devise case - upholding a fine of ₹1,338 crore but scrapping conditions like allowing hosting of third-party app stores on its Play Store. While upholding the fine imposed by the CCI for exploiting its dominant position in Android, the NCLAT struck down anti-trust regulator order that had said Google will not restrict the removal of its pre-installed apps by the users. Notably, the NCLAT in its 189-page order, upheld CCI's six directions, including one in which Google was asked to allow the users during the initial device setup to choose their default search engine, and another that made it clear that OEMs cannot be forced to pre-install a bouquet of apps.




Google said it is reviewing the NCLAT order and is in the process of evaluating legal options. A two-member bench of the National Company Law Appellate Tribunal (NCLAT) has asked Google to implement the direction and deposit the amount in 30 days. The appellate tribunal said "the impugned order of the Commission is upheld except the four directions" issued and added that Google is "thus not entitled for any other relief except for setting aside the above four directions". "The Appellant (Google) is allowed to deposit the amount of penalty (after adjusting the 10 per cent amount of penalty as deposited under order dated January 4, 2023) within a period of 30 days from today," it said. On October 20 last year, the Competition Commission of India (CCI) slapped a penalty of ₹1,337.76 crore on Google for anti-competitive practices in relation to Android mobile devices.

# Gpay, Paytm, other users need not worry about new surcharge; Know reason

**NEW DElHI, (Agency).** The regulator of Unified Payments Interface (UPI), the National Payments Corporation of India (NPCI) has recently introduced a surcharge in digital payments made through prepaid payment instrument (PPI) such as mobile wallets.

According to NPCI, payments above <span class='webrupee'>₹</span>2,000 made using UPI network will bear a surcharge or interchange fee of up to 1.1%.(Shutterstock)

According to NPCI, payments above ₹2,000 made using UPI network will bear a surcharge or interchange fee of up to 1.1%.(Shutterstock)

According to NPCI, payments above ₹2,000 made using UPI network will bear a surcharge or interchange fee




of up to 1.1% if it is done from a PPI platform, such as Paytm Wallet, Phone Pe. It has recently clarified that the bank account-to-bank account payments (normal transactions) made using UPI won't attract any charge. It will be paid by merchants and not by customers.

"We have an important announcement. Paytm UPI is free, fast, secure, and seamless. No customer will pay any charges on making payments from UPI either from bank account or PPI/Paytm Wallet. Please read the @ NPCI_NPCI press release on the issue for more clarity," Paytm Payments Bank said in a tweet.

Maharashtra

# बमबाजी, आगजनी और पथराव से दहला संभाजीनगर, दो युवकों के झगड़े के बाद शहर में जबरदस्त हिंसा

**संभाजीनगर, (एजेंसी) महाराष्ट्र के संभाजीनगर के किराडपुरा में दो समुदायों के बीच जबरदस्त हिंसा हुई है. किराडपुरा में स्थित राम मंदिर के बाहर रात 12:30 बजे दो नौजवानों के बीच छोटी सी अनबन हुई. इसके बाद कुछ लोग बड़ी तादाद में इकट्ठा हो गए. इसके बाद पथराव शुरू हो गया. उपद्रवियों ने कई वाहनों में आग लगा दी. बदमाशों ने पुलिस के वाहनों को भी आग लगा दिया. इसके अलावा बमबाजी की घटना भी सामने आई है.**



फिलहाल स्थिति पर पुलिस ने नियंत्रण कर लिया है और पूरे शहर में पुलिस का कड़ा बंदोबस्त है. पुलिस ने किराडपुरा इलाके में आंसू गैस के गोले भी छोड़े हैं. वाहनों में लगी आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गई हैं.

पुलिस के अनुसार ये मामला रात साढ़े 12 बजे का है. बताया जा रहा है कि संभाजीनगर में मंदिर के बाहर हिंसा की शुरूआत हुई. देखते ही देखते बड़ी संख्या में दोनों पक्षों के लोग इकट्ठा हो गए, और एक दूसरे पर हमला शुरू कर दिया. गाड़ियों को फूंक दिया. इस दौरान पथराव हुआ और बम भी फेंके गए. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात काबू में करने की कोशिश की. वहां अभी भी इलाके में तनाव है. हालात को देखते हुए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है.

हिंसा की घटना के बाद आगजनी वाली जगह पर कुछ मुस्लिम धर्मगुरु पहुंचे. उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की.

इस दौरान स्थानीय सांसद इम्तियाज जलील खुद औरंगाबाद के किराडपुरा राम मंदिर में पहुंचे और उन्होंने बताया कि राम मंदिर में कोई भी मामला नहीं हुआ है. जो भी घटना हुई है वो राम मंदिर के बाहर ही हुई है.

Bihar

## कोचिंग संचालक ने छात्रा से किया रेप, ब्लैकमेल कर 3 महीने तक की दरिंदगी; वायरल की फोटो, सगाई टूटी

**मोतिहारी, (एजेंसी)** पूर्वी चंपारण के कुण्डवा चैनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में कोचिंग संचालक पवन कुमार ने गांव की ही छात्रा से दुष्कर्म किया। इस दौरान वीडियो बनाने के साथ उसकी आपत्तिजनक तस्वीर खींच ली। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर तीन महीने तक यौन शोषण करता रहा। इसी बीच शादी तय होने पर छात्रा ने कोचिंग जाना बंद कर दिया। इसके बाद कोचिंग संचालक ने छात्रा की आपत्तिजनक तस्वीर वायरल कर दी। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी कोचिंग संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि संचालक ने आपत्तिजनक फोटो लड़की के होने वाले पति तक पहुंचा दिया। इससे उसकी सगाई भी टूट गई है। मामले में पीड़िता ने कुण्डवा चैनपुर थाने में मंगलवार को आवेदन देकर बताया है कि वह बीए पार्ट 1 की छात्रा है। दिसंबर 2022 में वह गांव के ही पवन कुमार के गुरुकुल कोचिंग सेन्टर में कम्प्यूटर सीखने के लिए नामांकन कराई। आरोप है कि करीब दो सप्ताह बाद कोचिंग संचालक ने नोट्स देने के नाम पर उसे रोककर उसके साथ दुष्कर्म किया व वीडियो बना लिया।



Uttarpradesh

## बच्चों को घर पर छोड़ प्रेमी संग फरार हुई पत्नी, आहत में आकर पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हमीरपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर एक महिला अपनी बच्चों छोड़कर अपने प्रेमी के साथ भाग गई। इस खखरब से आहत होकर दिल्ली में मजदूरी कर रहे पतिन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां ने कोतवाली में बहू के भाग जाने की तहरीर दी है। ये मामला राठ के चिल्ली गांव का है। मृतक की मां ने बताया कि उसका 30 साल का बेटा वीरेंद्र दिल्ली में मजदूरी का काम करता था। सोमवार को मृतक की मां और उसके पिता मजदूरी पर गए थी। घर में उसकी पत्नी बच्चों के साथ अकेले थी। वहीं, मौका पाकर वीरेंद्र की पत्नी अपने मासूम बच्चों को रोते बिलखते छोड़कर मुस्करा थाना के रहने वाले अपने प्रेमी संग भाग गई। देर साथ जब इस बात की जानकारी वीरेंद्र को मिली तो वह इस बात से आहत हो गया और कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां न बताया कि हाल ही में उसका बेटा काम के सिलसिले में दिल्ली गया था। शादी के एक साल बाद एक महिला अपने प्रेमी के प्यार में घर से भागने की कोशिश की। जिस पर परिजनों ने पकड़कर कोतवाली लाए। जहां महिला ने पुलिस वालों के सामने जमकर हंगामा काटा।परिजनों के मुताबिक महिला की शादी 18 फरवरी साल 2022 को बसेला गांव के अनिल के साथ हुई थी।

Rajasthan

# नकली नोटों की बड़ी खेप बरामद, 20.8 लाख के जाली नोट समेत एक गिरफ्तार, पांच अन्य आरोपी नामजद

**जयपुर, (एजेंसी)** बीकानेर एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि कस्बा लूणकरणसर के वार्ड नंबर 34 निवासी साहिल पुत्र लियाकत अली को गिरफ्तार कर 20 लाख 8 हजार के जाली नोट बरामद किए गए हैं।लूणकरणसर सीओ नोपाराम भाकर को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि साहिल ने अपने अन्य साथियों से बड़ी मात्रा में नकली करेंसी प्राप्त की है। यह राशि वह आगे दिल्ली में हवाला में खपाने की फिराक में है। आईजी रेंज ओमप्रकाश के निर्देश पर बीकानेर जिले में संगठित अपराधियों के विरुद्ध एसपी तेजस्विनी गौतम के पर्यवेक्षण



और एएसपी ग्रामीण सुनील कुमार के निर्देशन में अभियान चलाया जा रहा है। सीओ भाकर को मिली इस सूचना पर एसएचओ कालू सुरेश मील के साथ सीओ ऑफिस, थाना कालू, लूणकरणसर और जामसर से विशेष टीम गठित कर दबिश में अभियुक्त साहिल को गिरफ्तार कर उसके पास से 20 लाख 8 हजार रुपये की जाली मुद्रा बरामद की गई। जाली नोट बरामदगी के इस प्रकरण की अग्रिम जांच सीओ नगर बीकानेर दीपचंद द्वारा की जा रही है। जाली मुद्रा के गोरखधंधे में शामिल अभियुक्त प्रदीप सारस्वत निवासी बामनवाली, रामनिवास गोदारा निवासी जैसा, रामावतार सारस्वत निवासी सारोठिया तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू, सोनू उर्फ संदीप कायल निवासी लूणकरणसर और राहुल सारस्वत निवासी कालू को नामजद किया गया है, जिनकी धरपकड़ के प्रयास जारी हैं।

खेल

# ICC Rankings : राशिद खान बने टी20 में नंबर 1 गेंदबाज, बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर काबिज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज का असर आईसीसी रैंकिंग में भी हुआ है। अफगानिस्तान ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम की। अफगान टीम ने पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ कोई टी20 सीरीज जीती है। इस सीरीज में अफगानी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और इसका इनाम उन्हें आईसीसी रैंकिंग में भी मिला है। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने श्रीलंकाई स्पिनर वनिंदू हसरंगा को पीछे छोड़ा।



राशिद पहली बार 2018 में शीर्ष टी20 गेंदबाज बने थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के तीनों मुकाबलों में एक-एक विकेट लिया और बेहद कंजूसी से रन खर्चे। उनके अलावा तेज गेंदबाज फजलहक फारुखी ने भी इस सीरीज में 4.75 के इकोनॉमी रेट से रन दिए और पांच विकेट लिए। वह 12 स्थान की बढ़त के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान इस सीरीज में चार विकेट लेने के साथ आठवें स्थान पर आ चुके हैं।

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम को इस के लिए आराम दिया गया था और वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान गिरकर चौथे स्थान पर आ गए हैं। इस सीरीज में पाकिस्तान की कप्तानी करने वाले शादाब खान ऑलराउंडर रैंकिंग में आठ स्थान के सुधार के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, गेंदबाजों की सूची में छह स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद वसीम नौ स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच टी20 सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है। वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ गेंदबाजों की रैंकिंग में 17 स्थान के फायदे के साथ 33वें स्थान पर पहुंच गए हैं और जॉनसन चार्ल्स बल्लेबाजों के लिए 92 स्थान की छलांग लगाकर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

दक्षिण अफ्रीका के राइली रूसो दो पायदान ऊपर उठकर छठे स्थान पर आ गए हैं और रीजा हेंड्रिक्स आठ स्थान ऊपर उठकर 12वें स्थान पर आ गए हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज का असर वनडे रैंकिंग में दिखा है। ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जैम्पा वनडे में गेंदबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग के साथ छठे स्थान पर आ गए हैं। जिम्बाब्वे के अनुभवी सिकंदर रजा ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ पांचवें स्थान पर आ गए हैं।

भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल वनडे में बल्लेबाजों की सूची में पांचवें स्थान पर 738 अंकों के करियर के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। जबकि कप्तान रोहित शर्मा एक एक स्थान के फायदे के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

सिनेमा

## मर्डर या सुसाइड ? पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आई भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत की वजह

भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आ गई है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह साफ अक्षरों में लिखा हुआ है कि आकांक्षा के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं हैं और उनकी मौत फंदे पर लटकने की वजह से हुई हैं। हालांकि, अभिनेत्री के परिवार वाले इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं है। उनका कहना है कि उनकी बेटी को आत्महत्या करने पर मजबूर किया गया। अब सवाल यह उठता है कि पुलिस किस एंगल से इस केस की जांच करेगी?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस अब भी अलग-अलग एंगल से इस केस की जांच कर रही है। इस वक्त पुलिस अभिनेत्री के बॉयफ्रेंड समर सिंह की तलाश कर रही है। पुलिस का मानना है कि आकांक्षा की आत्महत्या के पीछे समर सिंह का हाथ हो सकता है। बता दें, आकांक्षा और समर सिंह लिव इन रिलेशनशिप में थे। दोनों वाराणसी में एक साथ रहते थे।



मीडिया से हुई बातचीत में पुलिस ने बताया कि घटना वाली रात आकांक्षा दुबे और समर सिंह साथ में थे। दोनों एक पार्टी में गए थे। हालांकि, आत्महत्या वाली रात जब आकांक्षा पार्टी के बाद होटल वापस आई थीं तब उनके साथ समर सिंह नहीं थे। बल्कि एक अनजान शख्स था। वह उन्हें छोड़ने उनके कमरे में गया और 17 मिनट तक वहीं रहा।

# 1 करोड़ से ज्यादा की 200 किलो चांदी के गबन का आरोप इंदौर के सराफा कारोबारी पिता-पुत्र को जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर के सराफा में आधा दर्जन से ज्यादा व्यापारियों की 200 किलो चांदी का गबन करने वाले पिता-पुत्र को सराफा पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। यहां से दोनों को बुधवार को जेल भेज दिया गया। इससे पहले पुलिस ने आरोपियों को दो बार रिमांड पर लिया था। पुलिस दोनों को इनके द्वारा बताए गए गुजरात और राजस्थान के पते पर भी ले गई थी।**

सराफा पुलिस ने आरोपी इंद्रकुमार वर्मा और उसके पिता राजकुमार वर्मा निवासी अंजलि नगर को धोखाधड़ी के मामले में कोर्ट में पेश किया गया था। पूछताछ में आरोपियों ने अलग-अलग जगहों पर चांदी गला कर बेचने की बात कही। पुलिस वहां भी पहुंची, लेकिन व्यापारियों ने चोरी के रुपए सट्टे में उड़ाने और प्रॉपर्टी में रुपए इन्वेस्ट करने की बात की। पुलिस अभी तक प्रॉपर्टी के दस्तावेज, रुपए और चांदी की जब्ती नहीं कर पाई है।

करीब आठ दिन पहले सराफा पुलिस ने आरोपियों को राजस्थान के जयपुर से पकड़ा था। दोनों की पहले चार, फिर दो दिन की रिमांड मिली। इस बीच आरोपियों को सराफा के ही सिद्धि विनायक कॉम्प्लेक्स में राज ज्वेलर्स पर ले जाया गया। यहां से उनका रजिस्टर जब्त कर पुलिस थाने ले आई। रजिस्टर में चांदी का हिसाब-किताब होने के साथ ही केटी ज्वेलर्स के प्रवीण तिवारी के नाम से दो बाकी रकम के बिल मिले हैं। जिसमें 72 किलो चांदी पिता-पुत्र को व्यापारिक काम के लिए देना लिखा है।

सराफा पुलिस ने केटी ज्वेलर्स के प्रवीण तिवारी की शिकायत पर 72 किलो से अधिक की चांदी के गबन के मामले में केस दर्ज किया था। इसके साथ ही पिता-पुत्र ने कुलदीप, नीतेश व अन्य व्यापारियों की करीब 200 किलो से अधिक की चांदी की हेराफेरी की। जिसमें उन्होंने राजस्थान और गुजरात में जेवर बेचने की बात की थी। करीब पांच माह बाद व्यापारियों ने अलग-अलग शिकायतें सराफा पुलिस को की थी। पिता-पुत्र अपनी दुकान बंद कर रिश्तेदारों के यहां घूम रहे थे।

व्यापारी प्रवीण ने पूछताछ में बताया कि दीवाली पर इंद्रकुमार उनके पास आया। इंद्रकुमार पहले बैंक से पेंमेट करता था। करीब चार माह तक उसने इसी तरह का विश्वास कायम रखा, लेकिन फिर एक दिन कहा कि मेरे कुछ रुपए बाजार से आना बाकी हैं। इस भरोसे में आकर प्रवीण ने उसे चांदी के 72 किलो जेवर दे दिए। इसके बाद इंद्रकुमार पेमेंट को लेकर लटकाता रहा। इसी बीच सराफा से उन्हें जानकारी लगी कि पिता-पुत्र ने अन्य व्यापारियों के साथ भी यही हरकत की है। इंद्रकुमार का पिता राजकुमार कुछ साल पहले भी ऐसी ही ठगी कर चुका है।

पुलिस को जानकारी लगी कि पिता-पुत्र ने व्यापारियों के साथ की गई ठगी के बाद चांदी के जेवर गुजरात और राजस्थान के व्यापारियों को बेच दिए। यहां से मिला पैसा उन्होंने क्रिकेट के सट्टे में लगा दिया। कुछ प्रॉपर्टी भी खरीदी है। सराफा व्यापारियों का कहना है कि पीड़ितों की संख्या और बढ़ सकती है।

# नए ट्रैफिक डीसीपी मनीष कुमार ने आरएलवीडी कैमरा सिस्टम की जानकारी ली

## दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हेलमेट को लेकर लोगों को प्रेरित करेंगे साथ ही पीक आवर्स में जब लोग ऑफिस या शॉप से घर लौटते हैं तो सड़कों पर यातायात का दबाव अधिक रहता है। ऐसे में डायवर्शन किस रोड पर हो सकता है, इसकी प्लानिंग करेंगे। जिससे वाहन चालकों परेशानी का सामना नहीं करना पड़े और जाम की स्थिति नहीं बने।

ये कहना है नए पुलिस उपायुक्त यातायात प्रबंधन मनीष कुमार अग्रवाल का। बुधवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया। पुलिस उपायुक्त ने यातायात प्रबंधन केंद्र एमटीएच कंपाउंड का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आरएलवीडी कैमरा सिस्टम की जानकारी ली साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने शहर के ट्रैफिक प्लान और प्लानिंग के बारे में कहा कि 'स्टेप बाय स्टेप इस दिशा में काम किए जाएंगे। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही शाम को 6 से 9 बजे के बीच पीक आवर्स रहता है। इस समय ऑफिस और शॉप से लोग घर लौटते हैं। इस दौरान सड़कों पर यातायात का दबाव भी अधिक रहता है। ऐसे मार्गों को चिह्नित किया जाएगा साथ ही पीक आवर्स में उन मार्गों पर डायवर्शन की प्लानिंग करेंगे। जिससे आवागमन व्यवस्था वाहन चालकों के लिए सुलभ हो सके।

पार्किंग को लेकर भी ध्यान दिया जाएगा। मॉल और शैक्षणिक संस्थाओं की पार्किंग व्यवस्था देखी जाएगी और इसे और बेहतर करेंगे। चालानी कार्यवाही जैसे चल रही है वैसी ही चलेगी क्योंकि हमारा प्रयास लोगों की आदत में बदलाव करना है। वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करे, इस पर फोकस रहेगा।'

उल्लेखनीय है कि पूर्व पुलिस उपायुक्त महेशचंद जैन ने रेड लाईट जंप, मोबाइल पर बात करने वाले वाहन चालकों पर सख्ती के साथ एक्शन लिया साथ ही जिन लंबित ई-चालान की वसूली भी जमकर वाहन चालकों से की। कई वाहन जब्त भी किए। ऐसे वाहन चालकों के पोस्टर तक शहर में लगवा दिए थे।

# पिता की हत्या के बाद बेटे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। देपालपुर में आदिवासी दलित मायाराम की डंडों से पीटकर दबंगों ने हत्या कर दी थी। इस हमले में मायाराम के दो बेटे मेहरबान ओर अन्य घायल हो गए थे। आदिवासी समाज ने जमकर विरोध किया तब प्रशासन और पुलिस ने दबंगों को गिरफ्तार करने के बाद उनके घरों पर बुलडोजर चलवा दिए थे। जिसमें करीब 10 दिनों तक उपचार के बाद मंगलवार रात मेहरबान ने भी दम तोड़ दिया।बताया जा रहा है कि मामला पट्टे की जमीन का है। जिस पर एक महीने पहले ही जिला प्रशासन ने दलित बागरी परिवार को कब्जा दिलवाया था। जब यह परिवार कब्जे के लिए पहुंचा तो आरोपी बाबूसिंह, पवनसिंह ने इतना मारा कि इलाज के दौरान 60 वर्षीय मायाराम बागरी की मौत हो गई थी। दबंगों ने मायाराम के दोनों बेटों सहित 9 लोगों को घायल कर दिया, जिनका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा था। प्रशासन ने 4 लाख रुपए की सहायता मृतक के परिजन को दी है।

# मेट्रो प्रोजेक्ट का काम कर रहे श्रमिक की सड़क हादसे में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मेट्रो प्रोजेक्ट का काम कर रहे एक श्रमिक की मिनी ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। इससे नाराज दूसरे श्रमिकों ने बुधवार सुबह हंगामा कर दिया और मेट्रो प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर दिया। आधे घंटे बाद अफसरों के समझाने के बाद कर्मचारी फिर काम पर लौट गए।**

सुपर कॉरिडोर पर एक श्रमिक मंगलवार रात मेट्रो प्रोजेक्ट का काम कर रहा था। थोड़ी देर बाद वह उतरा और सड़क पार कर दूसरी तरफ जा रहा था। इस बीच लवकुश चौराहा से देपालपुर की तरफ जा रहे एक मिनी ट्रक ने श्रमिक को टक्कर मार दी। इस हादसे में श्रमिक बुरी तरह घायल हो गया और उसे उसके साथी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन को जब्त कर लिया और चालक को भी हिरासत में ले लिया। उसके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया। सुबह दूसरे श्रमिकों ने काम बंद कर निर्माण कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल लिया। उनका कहना था कि सुरक्षा के इंतजाम ज्यादा रखे जाए और मृत श्रमिक के परिवार को आर्थिक मदद भी मिले। श्रमिकों का कहना था कि इससे पहले भी एक श्रमिक की काम के दौरान मौत हो गई थी। अफसरों ने मदद का आश्वासन दिया और श्रमिक मान गए और फिर काम में जुट गए। इसी प्रकार हीरानगर क्षेत्र में एक श्रमिक रंगलाल पिता हुरजी की वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। एमआर-10 पर चल रहे निर्माण स्थल पर रंगलाल मजदूरी करने आया था और वह सड़क किनारे सो रहा था। सुबह मिक्सर मशीन आई। चालक ने रिवर्स लिया तो पिछला पहिया उसके शरीर पर चढ़ गया। इससे उसकी मौत हो गई।

# बायोडीजल सहित वाहन किया जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जिले में खाद्य सामग्री तथा पेट्रोल-डीजल, बायोडीजल आदि का अवैध कारोबार तथा संग्रहण करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी के मार्गदर्शन में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी सिलसिले में क्राइम ब्रांच को प्राप्त सूचना के आधार पर अपर कलेक्टर डॉ. अभय बेडेकर के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक एम एल मारू द्वारा दल भेजकर एसआर कंपाउंड लसूड़िया मोरी पर स्थित मे. इंडियन बायोडीजल एन्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड फर्म की जांच की गई।**

मौके पर खाद्य अधिकारियों एवं क्राइम ब्रांच को एक छोटे टैंकर वाहन में लगभग 1600 लीटर बायोडीजल संग्रहित पाया गया, जिसके माध्यम से मौका स्थल पर ही वाहनों के ईंधन टैंक में बायोडीजल अवैधानिक रूप से डाला जा रहा था। दल को बायोडीजल क्रय-विक्रय के संबंध में शासन के दिशा-निर्देश के पालन में गंभीर अनिमियता करने एवं मौके पर घनत्व की जांच में प्रथम दृष्टया B100 विहित मानकों के अनुरूप नही पाए जाने पर मिश्रित बायोडीजल के नमूने लिये गए। साथ ही उक्त वाहन एवं उसमें संग्रहित 1600 लीटर बायोडीजल को जब्त किया गया एवं फार्म के सैय्यद सेरा कबीर एवं ड्राइवर मोहन शर्मा के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। कार्यवाही में सहायक आपूर्ति अधिकारी आय.पी.एस. सेंगर एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री अंकुर गुप्ता तथा क्राइम ब्रांच से उप निरीक्षक श्री यतिन मिश्रा उपस्थित रहे।

sponcership


Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।